pendix CLI, Annexure No. 107] It will be noted there from that none of these drugs was imported at the cost of Rs. 1.00 lakh per Kg.

(b) to (d) Do not arise.

मध्य प्रदेश में टेलीफोन कनैक्शन

1624. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में कितनी संख्या में नये कनैक्शन दिए गए ;

(ख) इन वर्षों के दौरान लम्बित आवेदन पत्रों की संख्या कितनी थी; और

(ग) उन शहरों के नाम क्या हैं, जहां लम्बित आवेदन पत्रों की संख्या सर्वाधिक है और क्या प्रतीक्षा अवधि को कम करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) मध्य प्रदेश में पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रदान किये गये नये टेलीफोन कनैक्शनों की संख्या नीचे दी गई है :—

वर्ष	प्रदान किये गये नये टेलीफोन कनैक्शनों की संख्या
1986-87	8013
1987-88	12086
1988-89	20660

(ख) इन वर्षों के दौरान प्रतीक्षा सूची में लम्बित आवेदन पत्रों की संख्या इस प्रकार है :—

अवधि	लंबित आवेदन पत्रों की संख्या
31-3-87 तक	39171
31-3-88 तक	48533
31-3-89 तक	58525

(ग) 31-3-89 की स्थिति के अनुसार 8 शहरों में नये टेलीफोन कनैक्शनों के लिए लंबित पड़े आवेदन पत्रों की संख्या सबसे अधिक थी। प्रत्येक के सामने प्रतीक्षा सूची घटाने के लिए आवंटित उपस्कर (लाइनों की संख्या) दर्शायी गई है। ब्यौरे विवरण में दिये गये हैं (**नीचे देखिये**)।

विवरण

क्र० सं०	शहर का नाम	31-3-89 को लंबित पड़े आवेदन पत्रों की संख्या	आवंटित 1988-89	उपस्कर 1989-90
1.	इंदौर	21558	20000	शून्य
2.	भोपाल	6970	4000	1000
3.	रामपुर	5905	6000	शून्य
4.	जबलपुर	4426	शून्य	5000
5.	ग्वालियर	2629	शून्य	5000
6.	उज्जैन	1255	1800	शून्य
7.	दुर्ग	1175	शून्य	3000 (1000 के स्थान पर)
8.	रतलाम	1061	3000 (2520 के स्थान पर)	1000